## महान बनने के लिए मधुरता और नम्रता का गुण धारण करो

## Imbibe the virtues of sweetness and humility to become great

---

**April 1, 2026**

### मधुरता का गुण

**मधुरता के गुण को धारण करने वाला यहाँ भी महान् बनता है और वहाँ भी मर्तबा पाता है। मधुरता वालों को सभी महान रूप से देखते हैं। तो यह मधुरता का विशेष गुण हर बच्चे में होना चाहिए। मधुरता की मधु जिनके साथ है उन्हें हर कार्य में सफलता ही सफलता है। उनके जीवन से असफलता मिट जायेगी।**

**virtue of sweetness**

Those who imbibe the virtue of sweetness become great here and also attain a status there. Everyone sees those who have sweetness as great souls. So every child should especially have the virtue of sweetness. Only with sweetness will you be able to glorify the name of "Madhusudan" (a title of Krishna, sweet one). Those who have the honey of sweetness with them have nothing but success in every task they do. Failure is removed from their lives.

**April 2, 2026**

### स्नेह का सबूत

**मधुरता का गुण जीवन में तब आयेगा जब अपनी वा दूसरे की बीती को न देख अन्दर के संस्कारों को सरल व नम्रचित बनायेंगे। सरलचित आत्मा का गुण है ही मधुरता। उनके नयनों से मधुरता, मुख से मधुरता और चलन से मधुरता प्रत्यक्ष रूप में देखने में आती है। मधुरता और नम्रता, इन दो विशेष धारणाओं से सदा विश्व कल्याणकारी, महादानी, वरदानी बन जायेंगे और सहज ही स्नेह का सबूत दे सकेंगे।**

**proof of love**

You will imbibe the virtue of sweetness in your life when you don't see anything of the past about yourself or others and you make your sanskars easy. The virtue of easy-natured souls is sweetness. Sweetness is visible in their eyes, their words and their behaviour. With the two virtues of sweetness and humility, you can become a constant world benefactor, a great donor and a bestower of blessings and easily give the proof of your love.

**April 3, 2026**

**मधुर बोल का वायब्रेशन**

**वाचा में सदा सत्यता और मधुरता हो तो वाणी की मार्क्स जमा होती रहेंगी। मधुरता का गुण जीवन में है तो हर बोल मोती समान होंगे। ऐसे लगेगा जैसे बोल नहीं रहे हैं, मोतियों की वर्षा हो रही है। वे ऐसा बोल बोलेंगे जो सुनने वाले सोचेंगे कि ऐसा बोल हम भी बोलें। सबको सुनकर सीखने की, फालो करने की प्रेरणा मिलेगी। ऐसे मधुर बोल का वायब्रेशन सर्व को स्वतः ही खींचता है।**

**The vibrations of sweet words**

Let there constantly be truthfulness and sweetness in your words and you will continue to accumulate marks with your words. When you have the virtue of sweetness in your life, every word that you speak will be like a pearl. It will feel as though you are not speaking but showering pearls. You will speak such words that those who hear them will feel: I too should speak such words. Everyone who hears them will be inspired to follow you and learn to do the same. The vibrations of such sweet words automatically draw others to you.

**April 4, 2026**

**परिवर्तन**

**आप महान आत्माओं का हर मंसा संकल्प हर आत्मा के प्रति मधुर हो, महान हो। जैसे बाप का स्वभाव सदा हर आत्मा के प्रति कल्याण वा रहम की भावना का है, हर एक**

**को ऊंचा उठाने का, मधुरता और निर्माणता का है। ऐसे अपना स्वभाव बनाओ। अगर तेज़ बोलने का, आवेश में आने का स्वभाव है तो यह भी ब्राह्मण जीवन में बहुत बड़ा विघ्न है। अब ऐसे स्वभाव का परिवर्तन करो।**

**Transformation**
You great souls should constantly have sweet and great thoughts for all other souls. The Father's nature for every soul is constantly benevolent. He has merciful feelings, feelings of uplifting everyone and feelings of sweetness and humility. Therefore, make your nature the same. To have the nature of speaking sharply or of becoming forceful a huge obstacle in Brahmin life. Now transform such a nature.

**April 5, 2026**
**सदा मीठी दृष्टि, मीठा बोल, मीठे कर्म**
**जैसे मीठा खाने और खिलाने से थोड़े समय के लिए मुख मीठा होता है, खुश होते हैं। ऐसे स्वयं ही मीठा बन जाओ तो सदा ही मुख में मधुर बोल रहेंगे। ऐसे मधुर बोल स्वयं को भी खुश करेंगे, दूसरे को भी खुश करेंगे। इसी विधि से सदा सर्व का मुख मीठा करते रहो, सदा मीठी दृष्टि, मीठा बोल, मीठे कर्म हो।**

**constantly have sweet drishti, sweet words and sweet actions**
By eating and serving others with sweet things, your mouth is sweetened for a few moments and you become happy. In the same way, when you yourselves become sweet, sweet words will constantly emerge from your mouth. Such sweet words will make you happy and also make others happy. Constantly continue to sweeten everyone's mouth in this way and constantly have sweet drishti, sweet words and sweet actions.

**April 6, 2026**

**किसी भी आत्मा को दो घड़ी मीठी दृष्टि दे दो। मीठे बोल बोल दो तो उस आत्मा को सदा के लिए भरपूर कर देंगे। यह दो घड़ी की मधुर दृष्टि, बोल उस आत्मा की सृष्टि बदल देंगे। दो**

**मधुर बोल सदा के लिए बदलने के निमित्त बन जायेंगे।**

For a few moments, give sweet drishti to a soul or just speak a few sweet words and you will make that soul full for all time. Those few moments of sweet drishti or sweet words will change that soul's world. A few sweet words will become a means to bring about permanent transformation.

**April 7, 2026**

**मधुरता ऐसी विशेष धारणा है जो कड़वी धरनी को भी मधुर बना देती है। आप सभी को बदलने का आधार बाप के दो मधुर बोल हैं। मीठे बच्चे तुम मीठी शुद्ध आत्मा हो। इन दो मधुर बोल ने ही बदल दिया। मीठी दृष्टि ने बदल दिया। ऐसे ही मधुरता द्वारा औरों को भी मधुर बनाओ। यह मुख मीठा करो। सदा इस मधुरता की सौगात को साथ रखो। इसी से सदा मीठा रहेंगे और मीठा बनायेंगे।**

Sweetness is such a special virtue that it even makes land filled with bitterness very sweet. The basis of the transformation of all of you are Baba's sweet words: Sweet children, you are pure, sweet souls. These sweet words transformed you. Baba's sweet drishti transformed you. In the same way, with your sweetness, make others sweet. Sweeten your mouth. Constantly keep this gift of sweetness with you. By doing this, you will remain constantly sweet and also make others sweet.

**April 8, 2026**

**मधुरता द्वारा बाप के समीपता का साक्षात्कार कराओ। आपके संकल्प में भी मधुरता, बोल में भी मधुरता, कर्म में भी मधुरता हो - यही बाप की समीपता है इसलिए**

**बाप भी रोज़ कहते हैं -'मीठे-मीठे बच्चों' और बच्चे भी रेसपान्ड करते - 'मीठे-मीठे बाबा'। यही रोज़ का मधुरता का बोल मधुर बना देता है।**

Give visions of closeness to the Father with your sweetness. Let there be sweetness in your thoughts, sweetness in your words and sweetness in your actions. This is your closeness to the Father. This is why the Father tells you every day: Sweetest children! Then, you children reply: Sweetest Baba! These words of sweetness every day make you sweet.

**April 9, 2026**

**मधुरता और नम्रता का गुण झुकना सिखाता है। जितना अभी आप संस्कारों में, संकल्पों में झुकेंगे उतना विश्व आपके आगे झुकेगी। झुकना अर्थात् झुकाना। संस्कार में भी झुकना। यह संकल्प भी न हो दूसरे हमारे आगे भी तो कुछ झुकें ! हम झुकेंगे तो सभी झुकेंगे। जो सच्चे सेवाधारी होते हैं वह जब सभी के आगे झुकेंगे तब सेवा कर सकेंगे।**

The virtues of sweetness and humility teach you to bow down. The more you bow your sanskars and thoughts down, the more the world will bow down to you. To bow down means to make others bow down to you; bow down to your sanskars too. There mustn't even be the thought: Others should bow down to me! When you bow down, all others will bow down. Truly serviceable children can only do service when they bow down to everyone.

**April 10, 2026**

**मधुरता ही ब्राह्मण जीवन की महानता है। जहाँ मधुरता है वहाँ पवित्रता है। बिना पवित्रता के मधुरता आ नहीं सकती।जितना बुद्धि में नशा हो, उतना ही कर्म में नम्रता और बोल में मधुरता हो। ऐसे नशे में रहने से कभी नुकसान नहीं होगा। सिद्धि को**

**पाने वाले, स्वयं को नम्रचित्त, निर्माण, हर बात में अपने आपको गुणग्राहक और मधुरता सम्पन्न बनायेंगे।**

Sweetness is the greatness of Brahmin life. Where there is sweetness, there is also purity. There cannot be sweetness without purity. Constantly remain sweet. This is the basis of success in the service you do. To the extent that you have this intoxication in your intellect, there should accordingly be humility in your actions and sweetness in your words. By your maintaining such intoxication, there will never be a loss. Those who are to attain success will remain humble and constructive. They will pick up virtues in every situation and fill themselves with sweetness.

**April 11, 2026**

**आपका बोल और स्वरूप दोनों साथ-साथ हों - बोल स्पष्ट भी हों, उसमें स्नेह भी हो, नम्रता और मधुरता भी हो। सत्यता भी हो लेकिन स्वरूप की नम्रता भी हो, इसी रूप से बाप को प्रत्यक्ष कर सकेंगे। निर्भय हो लेकिन बोल मर्यादा के अन्दर हों - जब इन दोनों बातों का बैलेन्स हो तब कमाल दिखाई देगी। फिर आपके शब्द कड़े नहीं, मीठे लगेंगे।**

Let your form be the same as your words. Let your words be clear and filled with love, humility and sweetness. They should be filled with truth, but there also has to be humility in your form. You will be able to reveal the Father through this form. Remain fearless, but your words have to be within the code of conduct. Wonders will be visible when there is a balance of both these things. They won't then find your words bitter, but sweet.

**April 12, 2026**

**अगर आप से कोई टक्कर लेता है तो आप उसे अपने स्नेह का पानी दो, आप अपने मधुरता और नम्रता के गुण को नहीं छोड़ो। नम्रता की ड्रेस पहनकर रहो। यह नम्रता ही**

**कवच है, जो सेफ्टी का साधन है। संस्कारों की रास मिलाने का सबसे सहज तरीका है - स्वयं नम्रचित और मधुरता सम्पन्न बन जाओ, दूसरे को श्रेष्ठ सीट दे दो।**

If someone is in conflict with you, give that person the water of your love. Don't let go of your virtues of sweetness and humility. Constantly wear your dress of humility. This humility is your shield, which is a means for your safety. The easiest way to harmonise sanskars is to make yourself full of humility and sweetness. Give others the elevated seat.

**April 13, 2026**

**नम्रचित आत्मा सहज ही सुखदाता बन सकती है लेकिन अभिमान नम्रचित बनने नहीं देता। नम्रचित नहीं तो सेवा हो नहीं सकती। सेवाधारी की विशेषता सदा नम्रचित, स्वयं झुका हुआ होगा तब औरों को झुका सकेगा। जितना नम्रचित होंगे उतना निर्माण करेंगे। जहाँ निर्मानता होगी वहाँ रोब नहीं होगा, रुहानियत होगी। जैसे बाप कितना नम्रचित बनकर आते हैं, ऐसे फालो फादर ।**

A humble soul can easily become a bestower of happiness. However, arrogance doesn't allow you to be filled with humility. If there isn't humility, service cannot take place. The speciality of a server is that he is constantly humble and bows down. Only then can he make others bow down. The more humility you have, the more humble you will be. When you are humble, there won't be bossiness, but spirituality. Just as the Father comes here with so much humility, so, follow the Father in the same way.

**April 14, 2026**

**संगठन में सफलता प्राप्त करने के लिए सदा नम्रचित्त के तख्त पर विराजमान रहो। इसी तख्त पर बैठ, ज़िम्मेवारी का ताज धारण कर भविष्य की पदवी बनाओ। तख्त से**

**उतरना नहीं, इसी पर बैठकर काम करो तो सफलता मिलती रहेगी। इसके लिए 'पहले आप' का पाठ पक्का हो, इससे आपके संस्कार सबके साथ सहज ही मिल जायेंगे।**

In order to attain success in a gathering, remain constantly seated on your throne of humility. Sit on this throne and wear your crown of responsibility and create your future status. Don't get off your throne. Do everything whilst seated on your throne and you will continue to receive success. Let the lesson of 'you first' firm, by doing this your sanskars will harmonise with everyone.

**April 15, 2026**

**मधुरता ही महानता है, इससे मन और मुख का कड़ुवापन समाप्त हो जाता है। क्रोध अग्नि शीतल हो जाती है। बापदादा अपने हर बच्चे को शीतल देवता बनाना चाहते हैं इसलिए मधुरता के गुण को धारण करो। आपका मुखड़ा भी मीठा हो। मधुरता के गुण से भरपूर बनो, जो भी सम्पर्क में आये उसे मधुर बोल वा शक्तिशाली दृष्टि से भरपूर करो।**

Sweetness is greatness, and by having this sweetness, any bitterness in one's mind and words finish and the fire of anger cools down. BapDada wants to make all the children into cool deities. Therefore, imbibe the virtue of sweetness. Your face too should be sweet. Become full of the virtue of sweetness. Fill anyone who comes in front of you with your sweet words and powerful drishti.

**April 16, 2026**

**आप बच्चों की चलन में मधुरता और मन्सा में बेहद की वैराग्य वृत्ति हो। दोनों स्मृति रहे तो पास विद आनर्स बन जायेंगे। मधुरता और नम्रता इन विशेष दो धारणाओं से सदा**

**विश्व कल्याणकारी, महादानी, वरदानी बन जायेंगे और सहज ही स्नेह का सबूत दे सकेंगे।**

Have sweetness in your behaviour and an attitude of unlimited disinterest in your mind. When you are aware of both of these, you will be able to pass with honours. By especially imbibing sweetness and humility, you will constantly be a world benefactor, a great donor and a bestower of blessings. You will then easily be able to give the proof of love.

**April 17, 2026**

**आपका हर बोल महान हो। हर मंसा संकल्प हर आत्मा के प्रति मधुर हो। हर एक को ऊंचा उठाने का स्वभाव, मधुरता का स्वभाव, निर्माणता का स्वभाव हो। मेरा स्वभाव ऐसा है, यह कभी नहीं बोलना। मेरा कहाँ से आया! मेरा तेज़ बोलने का स्वभाव है, मेरा आवेश में आने का स्वभाव है। स्वभाव के वश होना यही माया है। अब मायाजीत बनो। अभिमान वा दिलशिकस्त होने के, ईर्ष्या वा आवेश में आने के स्वभाव का परिवर्तन करो।**

Every word of yours is great. Any thought in your mind about anyone else should be sweet. Let your nature be that of uplifting everyone, a nature of sweetness and humility. Never say: My nature is like that! Where did "mine" come from? My nature of speaking is very loud. My nature is forceful. To be influenced by your nature is also Maya. Now become a conqueror of Maya. Transform any the nature of being arrogant, disheartened, jealous or forceful.

**April 18, 2026**

**जब एक दो को मीठा खिलाते हो उसमें मुख थोड़े समय के लिए मीठा होता है लेकिन स्वयं ही मीठा बन जाओ, मुख में सदा ही मधुर बोल रहें। जैसे मीठा खाने और खिलाने**

**से खुश होते हो ऐसे मधुर बोल स्वयं को भी खुश करते, दूसरे को भी खुश कर देते। इससे सदा सर्व का मुख मीठा करते रहो, सदा मीठी दृष्टि, मीठा बोल, मीठे कर्म हो।**

When you give someone a sweet, his or her mouth is sweetened for a short time. However, when you yourself become sweet, you will always have sweet words on your lips. Just as you become happy, when you eat or give someone something sweet, in the same way, sweet words make you and others feel happy. Continue to sweeten everyone's mouth in this way. Always let your drishti, words and actions be sweet.

**April 19, 2026**

**बापदादा अब एक-एक बच्चे के मस्तक में सम्पूर्ण पवित्रता की चमकती हुई मणी देखने चाहते हैं। रूहानियत से चमकते हुए नयन देखने चाहते हैं, बोल में मधुरता, विशेषता, अमूल्य बोल सुनने चाहते हैं और कर्म में सन्तुष्टता, निर्माणता सदा देखने चाहते हैं।**

BapDada now wants to see the sparkling jewel of complete purity on the forehead of each of you children. He wants to see your eyes constantly sparkling with spirituality, to hear sweet and invaluable words and to see contentment and humility in your actions.

April 20, 2026

**संस्कार वा नेचर तो हर एक की अपनी-अपनी है लेकिन सर्व का स्नेही और सर्व बातों में, सम्बन्ध में सफल, मन्सा में विजयी और वाणी में मधुरता तब आ सकती है जब इज़ी नेचर हो। इज़ी नेचर अर्थात् जैसा समय, जैसा व्यक्ति, जैसा सरकमस्टांश उसको परखते हुए अपने को इज़ी कर देवे। इज़ी अर्थात् मिलनसार, मोल्ड कर लेने वाला। इज़ी माना अलबेला नहीं।**

April 21, 2026

**ब्रह्मा बाप अपने हर बच्चे के चेहरे पर, एक तो सदा रूहानियत की मुस्कराहट देखना चाहते हैं और दूसरा - मुख से सदा मधुर बोल सुनना चाहते हैं। एक शब्द भी मधुरता के बिना नहीं हो। चेहरे पर रूहानियत हो, मुख में मधुरता हो और मन-बुद्धि में सदा शुभ भावना, रहमदिल की भावना, दातापन की भावना हो। हर कदम में फालो फादर हो, यही पालना का रिटर्न दो।**

April 22, 2026

**आपके हर बोल में मधुरता, सन्तुष्टता, सरलता की नवीनता हो। ब्राह्मण आत्माओं के बोल साधारण बोल न हो। यही महानता और यही नवीनता है। मधुर बोल, मधुर संस्कार, मधुर स्वभाव द्वारा दूसरों का भी मुख मीठा कराते रहो। "सदा अथक भव और मधुर भव" के वरदानों से बढ़ते, उड़ते चलो।**

April 23, 2026

**जैसे ब्रह्मा बाप के बोल फरिश्तों के बोल, कम बोल और मधुर बोल थे। ऐसे यथार्थ बोल बोलो। कारोबार के लिए बोलना पड़ता है लेकिन वह भी लम्बा नहीं करो। हर संकल्प, बोल और कर्म में फालो फादर करो। हर बोल में मधुरता, नम्रता की महानता हो। इसके लिए स्वयं को निमित्त समझकर हर कार्य करो तब महानता के साथ नम्रता आयेगी और सफलतामूर्त बनेंगे।**

April 24, 2026

**आपका एक एक बोल अलौकिक हो, फरिश्तों के समान हो। हर बोल मधुर हो। इस बात पर अभी अन्डरलाइन करो तब प्रत्यक्षता होगी क्योंकि अभी तक वाणी की शक्ति व्यर्थ जा रही है, इसलिए वाणी में जो बाप को प्रत्यक्ष करने का जौहर वा शक्ति**

होनी चाहिए वह कम है, वाचा को व्यर्थ से बचाओ तो बाप को प्रत्यक्ष करने का आवाज बुलन्द होगा।

April 25, 2026
जैसे अन्जान बच्चा नुकसान वाली चीज़ को खिलौना समझता है तो उसे कुछ देकर छुड़ाना पड़ता है, ऐसे जो अल्पकाल का मान शान वा अल्पकाल की इच्छा रखते हैं, उन्हें मान देकर स्वयं निर्मान बन जाओ। उस समय यदि उन्हें शिक्षा देंगे तो टकराव पैदा होगा इसलिए ऐसे समय पर युक्तियुक्त चलन से, परोपकारी बन क्षमा भाव से सम्मान देकर पहले उन्हें समझदार बनाओ, जिससे वह स्वयं महसूस करे कि यह बात नुकसानकारक है।बनाओ, जिससे वह स्वयं महसूस करे कि यह बात नुकसानकारक है।

April 26, 2026
कोई भी चीज़ को गर्म कर नर्म किया जाता है, फिर मोल्ड किया जाता है। यहाँ भी गर्माई है शक्ति रूप और नर्माई है निर्मानता अर्थात् स्नेह रूप। जिसमें हर आत्मा प्रति स्नेह होगा वही नम्रचित रह सकता है। स्नेह नहीं है तो न रहमदिल बन सकेंगे, न नम्रचित। शक्तिरूप में है मालिकपन और नम्रता में है सेवा का गुण। तो जब यह नर्माई और गर्माई दोनों रहेंगे तब हर बात में मोल्ड हो सकेंगे।

April 27, 2026
जो सरलचित हैं वही मधुरता के गुण सम्पन्न हैं, वही सदा हर्षित रहते हैं। हर्षितचित हैं तो सबको आकर्षित करते हैं। हर्षित का अर्थ ही है अतीन्द्रिय सुख में झूमना। ज्ञान का सुमिरण करते, अव्यक्त स्थिति का अनुभव करते अतीन्द्रिय सुख में झूमना, इसको कहा जाता है हर्षित। ऐसा जो हर्षित रहता है वही आकर्षित करता है।

April 28, 2026

**किसके संस्कार सरल, मधुर होते हैं तो वह संस्कार स्वरूप में आते हैं। जब संस्कार बापदादा के समान बन जायेंगे तो बापदादा के स्वरूप सभी को देखने में आयेंगे। जैसे बापदादा वैसे हूबहू वही गुण, वही कर्तव्य, वही बोल, वही संकल्प अनुभव होंगे। सभी के मुख से निकलेगा यह तो वही लगते हैं।**

April 29, 2026

**ऐसे नहीं समझो कि हम तो सदैव झुकते ही रहते हैं लेकिन हमारा कोई मान नहीं, जो झुकते नहीं व झूठ बोलते हैं उनका ही मान है-नहीं। यह अल्पकाल का है, लेकिन आप दूरादेशी बुद्धि रखो, यहाँ जितनों के आगे झुकेंगे अर्थात् नम्रता के गुण को धारण करेंगे, तो सारा कल्प ही सर्व आत्मायें आगे आगे नमन करेंगी। सतयुग त्रेता में राजा के रिगार्ड से काँध से नहीं लेकिन मन से झुकेंगे और द्वापर कलियुग में काँध झुकायेंगे।**

April 30, 2026

**मैजारिटी के सामने सर्विस में बाधा डालने वाला मुख्य विघ्न आता है – मैंने यह किया, मैं ही यह कर सकता हूँ... यह मैंपन आना इसको ही कहा जाता है ज्ञान का अभिमान, बुद्धि का अभिमान, सर्विस का अभिमान, इन रूपों में ही विघ्न आते हैं। इस प्रकार के विघ्नों को समाप्त करने के लिए सदा एक शब्द याद रखना कि मैं निमित्त हूँ। निमित्त बनने से ही निराकारी, निरहंकारी और नम्रचित, निःसंकल्प अवस्था में रह सकते हैं, यही धारणायें वायमण्डल को निर्विघ्न बना देती हैं।**